# बिहार विधान परिषद

## 212 बजट सत्र

# तारांकित प्रश्न

## 16 फरवरी, 2026

----

**[ग्रामीण विकास - पंचायती राज - ग्रामीण कार्य - भवन निर्माण - पथ निर्माण - डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन - कृषि ].**

कुल प्रश्न -27

----

अंडरपास का निर्माण

*192 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क ) क्या यह सही है कि गयाजी जिले के बेलागंज NH-22 पर बेलडीह नीमचक पथ में "वाहन अंडरपास " का निर्माण नहीं होने से आम नागरिकों को काफी परेशानी होती है एवं कई बार भयंकर दुर्घटनाएं भी हुई हैं;

(ख ) क्या यह सही है कि NH -22 पर ग्राम बेलागंज- चंदौती चारमुहानी से रामेश्वर उच्च विद्यालय तक अंडरपास का निर्माण नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर शीघ्र अंडरपास का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मासिक भत्ता के समयबद्ध भुगतान

*193 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का भत्ता वर्तमान में लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि त्रिस्तरीय पंचायत के सभी प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता भुगतान हेतु वर्तमान में किसी प्रकार की नियमित एवं समयबद्ध व्यवस्था/प्रावधान प्रभावी रूप से लागू नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के लंबित भत्ता भुगतान के साथ-साथ उनके मासिक भत्ता के नियमित एवं समयबद्ध भुगतान हेतु कोई ठोस व्यवस्था/नीति बनाना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## थलहा नदी पर पुल निर्माण

*194 **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिले के बसंतपुर प्रखंड के बलभद्रपुर पंचायत के बलभद्रपुर मुसहरी टोला होते हुए बिजली चौक तक जाने वाली सड़क अतिमहत्वपूर्ण है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के मध्य पड़ने वाले थलहा नदी पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन बाधित है;

(ग) क्या यह सही है कि थलहा नदी  पर पुल निर्माण हेतु विभागीय सर्वे हो चुका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बलभद्रपुर मुसहरी टोला से बिजली चौक तक जाने वाली सड़क पर स्थित थलहा नदी पर पुल निर्माण करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक ?

----

## सड़क का उन्नयीकरण

***195 श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार मधुबनी जिलान्तर्गत भूपट्टी गैस गोदाम चौक से बेला सोनमती होते हुए जयनगर खुटौना पथ से जुड़कर बेलही होते हुए पीपराही में एन.एच. से जुड़ने वाली सड़क को स्टेट हाईवे में रूपांतरित करने का प्रस्ताव रखती है;

(ख) क्या यह सही है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क है, जिससे दर्जनों गांव की कनेक्टिविटी दोनों तरफ राष्ट्रीय राज्य मार्ग से हो जायेगी;

(ग) क्या यह सही है कि मौजूदा सड़क आर.डब्लू.डी. से बनी है, जो कई जगहों पर जर्जर और संकीर्ण है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का उन्नयीकरण राज्य उच्च पथ में करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मानव क्षति पर रोक

***196 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण जिले में वर्ष 2025 में 393 लोगों की मृत्यु सड़क

दुर्घटना में हुई है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से संपर्क स्थापित कर सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मानव क्षति पर रोक लगाने हेतु व्यापक उपाय करना चाहती है, यदि हां ताे कबतक, नही तो क्यों ?

----

## संपर्क पथ का निर्माण

***197 श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत पंचायत मंझिला के ग्राम अमरपुर में अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं;

(ख) क्या सह सही है कि ग्राम अमरपुर से मुख्य सड़क तक संपर्क पथ जर्जर रहने के कारण बरसात के दिनों में जल-जमाव लगा रहता है, जिससे लोगों को बाजार एवं अन्य स्थान पर जाने-आने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुसूचित जनजाति के लोगों के हित में ग्राम अमरपुर से मुख्य पथ तक संपर्क पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## डाक बंगला का निर्माण

***198 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत मोकामा नगर परिषद मुख्यालय स्थित डाक बंगला अत्यंत पुराना एवं जर्जर अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त डाक बंगला के निर्माण/पुनर्निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में षष्ठम राज्य वित्त आयोग तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 में पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त राशि से कार्य किया जाना प्रस्तावित है ;

(ग) क्या यह सही है कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त होने एवं संबंधित कार्यकारी एजेंसी को कार्यादेश निर्गत किए जाने के बावजूद डाक बंगला का निर्माण कार्य अब तक लंबित है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोकामा नगर परिषद मुख्यालय स्थित डाक बंगला का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक ?

----

## फ़ीमेल सिमेन की उपलब्धता

***199 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में लगभग एक करोड़ से अधिक पशुपालक किसान हैं तथा उनके जीवकोपार्जन का मुख्य स्रोत पशुपालन और दूध उत्पादन है । पशुपालकों को गाय गाभिन कराने के लिए सिमेन की उपलब्धता मुख्य रूप से सरकार के पशुपालन विभाग और डेयरी फेडरेशन के माध्यम से किया जाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि नार्मल सिमेंन के उपयोग से सामान्यतया गाय 50-50 के अनुपात में बाछा और बछिया दोनों को जन्म देती है, वर्तमान समय मे बाज़ार मे ऐसे सिमेंन उपलब्ध हैं, जिनके उपयोग से 90% केसेज मे सिर्फ बछिया हीं जन्म लेती है। ऐसे बछिया वाला सेक्स सॉर्टेड सिमेंन सरकार द्वारा पशुपालको को सीमित मात्रा में उपलब्ध कराया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी कि उपलब्ध सीमेन में बछिया वाला सेक्स सॉर्टेड सिमेन का प्रतिशत कितना है तथा फिमेल सीमेन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारण किया गया है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## अटल पथ पर रोटरी का निर्माण

*200 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर का अटल पथ देश के सबसे असुरक्षित सड़क में शामिल होकर अब यह 'डेथ ट्रैप' के रूप में घोषित हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर गति नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं है, जो दुर्घटना एवं राहगीरों के मोबाइल एवं अन्य सामानों के छीन-झपट का कारण बनती है;

(ग) क्या यह सही है कि सड़क पार करने के लिए जगह-जगह पर 'रोटरी' बनाने की मांग बार-बार की जाती है परन्तु अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण इसे अव्यवहारिक बता दिया जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सबसे मंहगे उक्त सड़क पर यातायात को सुरक्षित, दुर्घटना रहित बनाने एवं गाड़ियों के लेन बदलने एवं सड़क पार करने के लिए बेली रोड की तरह रोटरी बनाने एवं अन्य सभी तरह की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क एवं नाला निर्माण

*201 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कार्य अंचल, मधुबनी के अधीक्षण अभियंता द्वारा पत्रांक 854/अनु०/मधुबनी, दिनांक 08.08.2025 के माध्यम से MMGSY योजना अंतर्गत L042–T05 से चांनपुरा (VR42), प्रखंड–बेनीपट्टी, लंबाई–2.050 कि.मी. पथ निर्माण कार्य हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन (Revised DPR) पर स्वीकृति नहीं प्रदान की गई है, जबकि सभी तकनीकी औपचारिकताएँ पूर्ण की जा चुकी हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ निर्माण के साथ नाला/जल निकासी व्यवस्था शामिल नहीं होने के कारण क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है, जिससे पथ अल्प समय में क्षतिग्रस्त हो जाता है और आमजन को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को तकनीकी स्वीकृति देते हुए सड़क एवं नाला का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बाईपास सड़क का निर्माण

*202 **डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के गढ़पुरा बाजार स्थित सड़क पर बेतरतीब ढंग से छोटे-बड़े गाड़ियों के संचालन कराये जाने से बाजार की सड़क हमेशा जाम रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि जाम की स्थिति में प्रतिदिन यात्रियों को दैनिक कार्यों में बाधा होती है, छात्र - छात्राओं को स्कूल आने-जाने में विलंब होता है, रोगियों के वाहन ससमय अस्पतालों, नर्सिंग होम में नहीं पहुँचते हैं, व्यापारियों को दैनिक रोजमर्रा के सामानों की आवाजाही में दिक्कतें होती है, जिससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है;

(ग) क्या यह सही है कि सड़क जाम से निजात पाने हेतु नया बाईपास निर्माण करने की मांग लंबी अवधि से की जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय जिला के गढ़पुरा बाजार स्थित सड़क जाम से निजात पाने हेतु नया बाईपास सड़क का निर्माण करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पक्की सड़क का निर्माण

***203 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड के अतरी बथानी मुख्य पथ से ग्राम गांधी नगर महादलित टोला तक कच्ची सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्षा के दिनों में अतरी बथानी मुख्य पथ पर कीचड़ होने के कारण आम जनता को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतरी बथानी मुख्य पथ से गांधी नगर महादलित टोला तक पक्की सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## जर्जर सड़क का निर्माण

***204 श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना मुख्यालय स्थित जीरो माइल के पहाड़ी स्थित लोहा गली- गैस गोदाम गली से जगदीश मार्ग होते हुए बस स्टैंड जाने वाली सड़क काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मार्ग में बड़ा-बड़ा गोदाम होने के कारण कई ट्रक हमेशा खड़े रहते हैं और आवागमन में स्थानीय मुहल्लावासियों को काफी कठिनाई होती है;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित मार्ग पर काफी लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है और भारी गाड़ी के आवागमन के कारण सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं, जिससे बरसात के दिनों में पानी का जमाव बना रहता है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना काफी बनी रहती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़कों से जाम हटाने, अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा जर्जर सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नियुक्तियों में अनियमितता की जांच

***205 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के वर्तमान कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक तथा गैरशैक्षणिक पदों पर की गई नियुक्तियों में अनियमितता, गंभीर वित्तीय एवं अकादमिक अनियमितताओं की जांच के लिए विभागीय स्तर पर समिति गठित की गई थी, जिसके जांच प्रतिवेदन के आलोक में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अनियमितताओं के संबंध में राज्य सरकार द्वारा राजभवन को दिए गए पत्र में भी आरोपों को प्रथमतया स्वीकार करते हुए जांच एवं कार्रवाई के लिए अनुशंसा की गई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कृषक हित में स्थापित/संचालित ऐसे महत्वपूर्ण संस्था को सुनियोजित लूट से बचाने के लिए कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***206 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत बुमरूपुर प्रखंड के खुमपुर नगरनौसा तक जाने वाली आरसीडी (MDR) माहक (T05 under DRRP) की लंबाई लगभग 4-5

किलोमीटर है, जिसकी चौड़ाई वर्तमान में बहुत कम है, जो जितुबक, हैवतपुर मोड़ और फोहमा होते हुए नगरनीमा को जोड़ती है, जो बिहटा-सरमेरा सड़क से मिलती है ;

(ख) क्या यह सही है कि खुसरुगुर प्रखंड के RCD (MDR) सड़क T05 RWD के अंतर्गत है, जो कि हैबतपुर पंचायत के हैबतपुर मोड़ में होते हुए दरगाह किला, नूरुद्दीनपुर से पूरच मुस्तफापुर, भोजपुर छठ घाट, पाकर मोड़ होते हुए गिलानीचक में आगे बनगाड़ी (तेलमर) तक जाती है, जो नई सड़क करौटा-जगदम्बा स्थान-राजगीर में मिलती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में इस प्रस्तावित दोहरी नई सड़क का निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## तकनीकी/प्रशासनिक स्वीकृति कबतक

***207 श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के निम्नलिखित पुल–पुलिया औरंगाबाद जिला संचालन समिति द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अंतर्गत स्वीकृत/अनुशंसित की गई हैं, जैसे:-

1. पंचायत पोगर के ग्राम शारदा बिगहा एवं पोगर के बीच गावा नदी पर पुल निर्माण,
2. पंचायत लट्टा के ग्राम भारकोल शिव मंदिर के पास पुलिया निर्माण,
3. पंचायत बघौरा के ग्राम अपकी में धावा नदी पर पुल निर्माण,

(ख) क्या यह सही है कि इन पुल–पुलिया के अभाव में ग्रामीणों को आवागमन, कृषि कार्यों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में इन

योजनाओं की तकनीकी/प्रशासनिक स्वीकृति देकर कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*208 **श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड रुन्नीसैदपुर की ग्राम पंचायत राज बघारी में गौरी गिरि के घर से कैलू शाह के घर तक सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर बरसात के मौसम में ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का पक्कीकरण

*209 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला के बनियापुर प्रखंड अंतर्गत पूछरी से लहलादपुर प्रखंड के बनपुरा बाजार तक मुख्य वितरनी नहर के किनारे स्थित कच्ची सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण नहीं होने के कारण मुख्य वितरनी नहर के दक्षिणी किनारे पर बसे ग्रामों एवं बसावटों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई होती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण/निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मखाना प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना

***210 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिले में मखाना की खेती बड़े पैमाने पर होती है, राष्ट्रीय स्तर पर मखाना को पहचान दिलाने के लिए मखाना अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की जा रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि मखाना अनुसंधान केन्द्र की स्थापना से किसानों को खेती करने में आसानी होगी और उन्हें दोहरा लाभ मिलेगा, मखाना उत्पादन की लागत में कमी आएगी और आमदनी बढ़ने से किसानों की आर्थिक हालत में सुधार आएगी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटिहार के मखाना उत्पादकों के लिए नए मखाना प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***211 श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखंड अंतर्गत चमथा 3 पंचायत में चक्की शिव मंदिर से पंचायत भवन होते हुए प्राथमिक विद्यालय तक सड़क अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है, जिसकी लंबाई लगभग 2 किलोमीटर है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण यथाशीघ्र कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत

*212 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा अंचलान्तर्गत ग्राम पंचायत राज बसुआरी में विभाग के पत्रांक-10535/पं०रा०, दिनांक-20.08.2025 एवं विभागीय संकल्प सं0-8103, दिनांक-27.06.2025 के आलोक में कन्या विवाह मंडप योजनान्तर्गत खाता सं0-81, खेसरा सं0-2712, रकबा-10 कट्ठा, 11 धूर भूमि ग्राम पंचायत के द्वारा उपलब्ध करायी गई है, जिसका अंचलाधिकारी के द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं करने से निर्माण कार्य ठप्प है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बतलाएगी कि अंचलाधिकारी, घोघरडीहा द्वारा अब तक अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं करने का क्या औचित्य है एवं सरकार अब इस संबंध में कोई कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## 2026 का पंचायत चुनाव

*213 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू(गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ) :**
**श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह(विधान सभा) :**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत पंचायत चुनाव 10 वर्षो में आरक्षण रोस्टर बदल कर कराने का प्रावधान है तथा पंचायत चुनाव 2026 नए परिसीमन तथा नए आरक्षण रोस्टर के अनुसार कराने का योजना है ;

(ख) क्या यह सही है कि पंचायत चुनाव 2026 दलीय आधार पर कराने का योजना है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस सम्बन्ध में

दिशानिर्देश निर्गत करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***214** **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण के अंतर्गत गंडक नदी पर प्रस्तावित बगहा (शास्त्री नगर) बेलवनिया पुल को निरस्त करने से जनता में रोष व्याप्त है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल पश्चिम चंपारण और उत्तर प्रदेश के बीच आवागमन का एक बेहतर साधन बन सकता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पुल का निर्माण यथाशीघ्र कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## रास्ता का निर्माण

***215** **श्री मो. सोहैब (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिला के सोनो प्रखण्ड स्थित ग्राम जोसेफ-जोरा के ग्रामीणों को मुख्य सड़क से गाँव आने-जाने वाला रास्ता कुछ लोगों के द्वारा रोक दिया गया है, जिसके कारण उक्त गाँव के लोगों को आवागमन में अत्यंत कठिनाई हो रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त रास्ता का उपयोग ग्रामीणों द्वारा 80 वर्षों से अधिक समय से किया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त रास्ता के संबंध में ग्रामीणों द्वारा अचंल कार्यालय में आवेदन दिया गया है, परन्तु अब तक अंचलाधिकारी, सोनो के द्वारा रास्ता के समस्या

के समाधान के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमुई जिला के सोनो प्रखण्ड स्थित ग्राम जोसेफ-जोरा के ग्रामीणों के लिए मुख्य सड़क से गांव आने-जाने वाला रास्ता का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***216 श्री वंशीधर ब्रजवासी (स्नातक तिरहुत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मोतीपुर प्रखंड में हरदी से देवरिया को जोड़ने वाली सड़क में रामपुर भेड़ियाही गांव से गुजरने वाले नहर के ऊपर बहुत ही पुरानी और संकीर्ण पुलिया है, जो क्षतिग्रस्त हो चुकी है ;

(ख) क्या यह सही है कि पुलिया की दोनों रेलिंग के टूट जाने के कारण प्रायः दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और पुलिया के संकीर्ण होने के कारण कई बार उसमें ट्रक और बड़ी गाड़ी फंस जाती है ;

(ग) क्या यह सही है कि पुलिया संकीर्ण होने के कारण गांव में अगलगी की घटना घटने पर दमकल नहीं पहुंच पाता है, जिस कारण पूर्व में बड़ी घटना घट चुकी है और भविष्य में किसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में बड़ी घटना की आशंका बनी हुई है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में हरदी देवरिया पथ में भेड़ियाही से गुजरने वाले उक्त नहर के ऊपर नए पुल का निर्माण और चौड़ीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कृषि पदाधिकारी का कार्यालय

***217 श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना शहर स्थित मीठापुर कृषि फार्म में लगभग 50 वर्षो से जिला कृषि पदाधिकारी, पटना का कार्यालय संचालित था, जो वर्तमान में समाहरणालय में कार्यरत है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कृषि पदाधिकारी, पटना का कार्यालय समाहरणालय में कार्यरत रहने से पटना जिला के किसानों को इस कार्यालय से लाभ प्राप्ति में अनावश्यक आर्थिक दोहन के साथ अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार राज्य के किसानों को आर्थिक लाभ के साथ-साथ खेती के योग्य खाद, बीज, कृषि यंत्र सहित अनेक सुविधाएँ उपलब्ध कराने में दृढ संकल्पित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना जिला के किसानों के हित में कृषि पदाधिकारी, पटना का कार्यालय मीठापुर कृषि फार्म में ही पूर्व की भाँति कार्यरत रखना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मती

***218 डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला अंतर्गत शिवगंज बैदराबाद एस.एच. रोड से सफ़लापुर से हरना (दिशुन सिंह स्मृति भवन) सामुदायिक भवन तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि यह एक आम रास्ता है, जिसके कारण जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क की लंबाई लगभग 1.9 किमी है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का शीघ्र मरम्मत/पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

पटना – 800015.

16 फ़रवरी, 2026.

अखिलेश कुमार झा,
सचिव
बिहार विधान परिषद्